Title: Demand to rehabilitate the flood affected people of Katihar constituency in Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : उपाध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान फरक्खा बैराज के कारण हो रहे बालू के जमाव, जल जमाव, नदी के कटाव के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र कटिहार में भयंकर स्थिति पैदा हो गई है। इसके कारण फसलों की क्षति हुई है। वहां लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त है और लोग भयंकर संकट में है। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि वहां के तकलीफजदा लोगों के लिए तत्काल राहत के काम किये जाएं तथा उनके लिए पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।

उपाध्यक्ष महोद्य, फरक्खा बैराज कलकत्ता हुगली पोर्ट पर आने-जाने वाले जहाजों के लिए जल की आवश्यकता की पूर्ति करता है।

लेकिन जो जल की आवश्यकता की पूर्ति वहां होती है, उसके कारण वहां बालू का जमाव हो रहा है और उस पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है। बालू का जो जमाव हो रहा है, उससे नदियों का जलस्तर ऊपर उठ रहा है। जल ऊपर आकर बाढ़ के रूप में नुकसान कर रहा है, नदियों का कटाव हो रहा है। इसमें तकनीकी तौर पर भूल हुई है। इस वक्त के तत्कालीन मुख्य मंत्री बी.सी.राय के बृहत्तर व्यक्तित्व के कारण जहां यह बैराज बनना चाहिए था, उससे 20 किलोमीटर आगे जाकर बनाया गया। अपस्ट्रीम में साहेबगंज के नज़दीक बनना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ और उसके कारण आज हमारा संसदीय क्षेत्र काफी कठिनाइयों से गुजर रहा है। मैं सरकार से मांग कर रही हूं कि जो परेशानी और बदहाली हमारे क्षेत्र में है, प्रमोद महाजन जी गए हुए थे, उनको मालूम है कि क्या परिस्थिति हमारे क्षेत्र में है। â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except Shri Ram Nagina Mishra""s submission.

*(Interruptions)**

***Not Recorded.**